>

Title: Need to construct hydel power plants in Dhanbad district, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, बिजली पूरे भारत के लिए बहुत जरूरी है। मेरा आग्रह है कि हाल ही में डीवीसी द्वारा झारखंड राज्य स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र के धनबाद जिले के टुंडी में लगभग 5500 करोड़ रुपये की लागत से 10-10 मेगावाट की दो हाईडल पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। इस पावर प्लांट के निर्माण हेतु बांधों का निर्माण धनबाद जिले के टुंडी, निरसा क्षेत्र, गिरिडीह के पीटाँड, डुमरी, गिरिडीह सदर, गाँडेय तथा जामतारा के नारायणपुर, जामतारा सदर में होना है। प्रस्तावित बाँध की जल ग्रहण क्षमता 240 मीटर होगी एवं इससे 55346 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो पाएगी।

इस संदर्भ में मैं सदन के माध्यम से संबंधित विभाग डीवीसी को निर्देशित कराना चाहता हूं कि उक्त हाईडल पावर प्लांट को प्रस्तावित समय सीमा के अंदर कार्यान्वित करें, जिससे राज्य और देश में बढ़ती बिजली की समस्या से निजात मिल सके एवं क्षेत्र के किसानों को भी सिंचाई की सुविधा हो।